23/9/21 आओ अभ्यास करें पाठ-5 संज्ञा के विकार (पुस्तक-अभ्यास)

**1. सही उत्तर के सामने सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए–**

क. पुरुष या स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को कहते हैं–

(*i*) संज्ञा ☐ (*ii*) सर्वनाम ☐ (*iii*) वचन ☐ (*iv*) लिंग ✓

ख. 'पुस्तक' व 'सड़क' शब्द हैं–

(*i*) पुल्लिंग ☐ (*ii*) स्त्रीलिंग ✓ (*iii*) (*i*) व (*ii*) दोनों ☐ (*iv*) इनमें से कोई नहीं ☐

ग. 'सम्राट' का स्त्रीलिंग रूप है–

(*i*) सम्राटी ☐ (*ii*) सम्राज्ञी ✓ (*iii*) सम्राटें ☐ (*iv*) सम्राटे ☐

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

क. लिंग किसे कहते हैं? उदाहरण सहित बताइए।

ख. पुल्लिंग और स्त्रीलिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

ग. चार-चार ऐसे शब्द लिखिए, जो सदा पुल्लिंग और सदा स्त्रीलिंग होते हैं।

**3. रंगीन शब्दों के लिंग परिवर्तन कर वाक्य पुनः लिखिए–**

क. अध्यापक पढ़ा रहे हैं। ........अध्यापिका पढ़ा रही हैं।........

ख. मामा जी बाहर गए हैं। ........मामी जी बाहर गई हैं।........

ग. सुनार आभूषण बना रहा है। ........सुनारिन आभूषण बना रही है।........

घ. चिड़िया बैठी है। ........चिड़ा बैठा है।........

ङ. कुम्हार बरतन बनाता है। ........कुम्हारिन बरतन बनाती है।........

**4. कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए–**

क. यह मिठाई ....अच्छी.... है। (अच्छा / अच्छी)

ख. अशोक की कमीज़ ....नई.... है। (नया / नई)

ग. दादा जी का छाता ....काला.... है। (काला / काली)

घ. वह मकान ....बड़ा.... है। (बड़ा / बड़ी)

ङ. दादी जी की छड़ी ....छोटी.... है। (छोटा / छोटी)

**5. निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग रूप लिखिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेविका | – सेवक | छात्रा | – छात्र |
| मोरनी | – मोर | चिड़िया | – चिड़ा |
| नौकरानी | – नौकर | सिंहनी | – सिंह |
| नायिका | – नायक | सेठानी | – सेठ |



**खेल-खेल में** Do it H.W

भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति पदों पर आसीन रहे एक-एक स्त्री एवं पुरुष प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम पता कीजिए और उनके चित्र भी चिपकाइए–

श्रीमती इंदिरा गाँधी **प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी

श्री राम नाथ कोविंद **राष्ट्रपति** श्रीमती प्रतिभा पाटिल